1. 'आँच' शब्द का तत्सम है :

(A) अंचुक

(B) अंचक

(C) आर्चि

(D) अर्चि

2. 'फेंककर चलाया जाने वाला हथियार' कहलाता है :

(A) अस्त्र

(B) चाकू

(C) बेलन

(D) तलवार

3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही विलोम युग्म ***नहीं*** है ?

| | (शब्द) | (विलोम शब्द) |
|---|---|---|
| (A) | प्रतनु | स्थूल |
| (B) | पोषक | शोषक |
| (C) | प्यासा | तृप्त |
| (D) | प्रतिबद्ध | संबद्ध |

4. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों का समूह है :

(A) श्मशान, सूचीपत्र, यथेष्ठ

(B) लब्धप्रतिष्ठित, पूजास्पद, धैर्यता

(C) शुश्रूषा, पूजनीय, निरपराध

(D) श्रृंगार, श्रृंखला, श्रीमति

5. 'होंठ' शब्द का तत्सम रूप है :

(A) हठीला

(B) जिद्दी

(C) ओष्ठ

(D) रसीला

6. शब्द और उसके विलोम शब्द को सुमेलित कर नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | A (शब्द) | | B (विलोम शब्द) |
|---|---|---|---|
| A. | गुरु | i. | सुधा |
| B. | गुप्त | ii. | लघु |
| C. | गरल | iii. | संन्यासी |
| D. | गृहस्थ | iv. | प्रकट |

**कूट :**

(A) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(B) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(C) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(D) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

7. 'क्षीर' शब्द का तद्भव रूप है :

(A) घी

(B) खीर

(C) मट्ठा

(D) दूध

8. 'ज्येष्ठ' शब्द का तद्भव है :

(A) कंधा

(B) अधर

(C) मुख

(D) जेठ

9. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

(A) कालीदास

(B) कालिदास

(C) कालिदाष

(D) कालीदाश

10. शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों के विकल्प का चयन कीजिए :

(A) हिरण्यकश्यपु, शूपर्णखा, हितेच्छुक, सिमिति

(B) सम्बाद, सुसुप्ति, स्वास्थ, सर्वजनिक

(C) संग्रहित, श्रीयुत्, श्रृंगार, सौहार्द्र

(D) हिरण्यकशिपु, शूर्पणखा, हितेच्छु, समिति

11. निम्नलिखित में से एक वर्ग में विशेष्य – विशेषण ***ग़लत*** है :

(A) उपन्यास – औपन्यासिक

(B) अभिषेक – अभिषिक्त

(C) ऋषि – आर्ष

(D) इह – ऐहिक

12. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है :

(A) उसे संस्कृत का व्यवहारिक ज्ञान नहीं है।

(B) यह संन्यासिन्नी का आश्रम है।

(C) निरपराधी व्यक्ति को दंड क्यों मिला ?

(D) पत्रोत्तर देकर अनुग्रहीत करें।

13. 'जो व्याकरण जानता है' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है :

(A) भाष्यकार

(B) भाषाविद्

(C) वेदज्ञ

(D) वैयाकरण

14. निम्नलिखित वाक्यांशों और उसके लिए दिए गए एक शब्द का सही युग्म है :

(A) जो वचन से परे हो – अवर्णनीय

(B) जो बहुत बोलता हो – मितभाषी

(C) जो क्षमा पाने योग्य है – क्षमाप्रार्थी

(D) इन्द्रियों को जीतने वाला – जितेन्द्रिय

15. 'तीसरा' शब्द निश्चित संख्यावाचक विशेषण का निम्नलिखित में से कौन-सा भेद है ?

(A) क्रमवाचक विशेषण

(B) गणनावाचक विशेषण

(C) समुदायवाचक विशेषण

(D) आवृत्तिवाचक विशेषण

16. 'सौ वर्ष का समय' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) शताब्दी

(B) कलियुग

(C) द्वापर

(D) त्रेता

17. 'वहाँ चार लड़के बैठे थे' वाक्य में विशेषण शब्द है :
(A) बैठे
(B) लड़के
(C) चार
(D) थे

18. निम्नलिखित विलोम शब्दों को सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| A. | परिश्रम | i. | धनी |
| B. | निषिद्ध | ii. | सद्भावना |
| C. | दरिद्र | iii. | विहित |
| D. | द्वेष | iv. | विश्राम |

कूट :
(A) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(B) A-iv, B-ii, C-i, D-iii
(C) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(D) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

19. 'दीठि' शब्द का तत्सम रूप है :
(A) नाक
(B) आँख
(C) दृष्टि
(D) कान

20. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द है :
(A) अनुराग
(B) अपराध
(C) आत्मीय
(D) अर्थ

21. उत्तम का विलोम शब्द है :
(A) स्वादिष्ट
(B) तिक्त
(C) अधम
(D) कटु

22. 'यायावर' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए उपयुक्त है ?
(A) हमेशा कार्यरत रहने वाला
(B) हमेशा घूमता रहने वाला
(C) हमेशा रमण करने वाला
(D) हमेशा लड़ने वाला

23. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :
(A) वह मुक्तहस्त से धन लुटाया।
(B) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया।
(C) उसने मुक्तहस्त से धन लुटाया।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन कीजिए :
(A) आमिश, जजमान, छिटपुट, गरिष्ट
(B) जागृति, छोकड़ा, छमा, छउँकना
(C) जलंधर, तत्कालिक, ज्यादा, आशिर्वाद
(D) अतिथि, कृतकृत्य, कोमलांगी, गृहस्थ

**25.** 'जो बूढ़ा न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) अजर

(B) शिवत्व

(C) अमर

(D) अमरत्व

**26.** 'मोहन सुन्दर बालक है' वाक्य में विशेष्य शब्द है :

(A) है

(B) बालक

(C) सुन्दर

(D) मोहन

**27.** शब्द और उसके विलोम शब्द को सुमेलित कर नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | **A** (शब्द) | | **B** (विलोम शब्द) |
|---|---|---|---|
| A. | उपसर्ग | i. | परलोक |
| B. | ईश्वर | ii. | प्रत्यय |
| C. | इहलोक | iii. | कृपण |
| D. | उदार | iv. | जीव |

**कूट :**

(A) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(B) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(C) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(D) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

**28.** 'मेरी गाय सीधी है' वाक्य में कौन-सा विशेषण है ?

(A) तुलनात्मक विशेषण

(B) परिमाण विशेषण

(C) विशेष्य विशेषण

(D) विधेय विशेषण

**29.** 'अक्षि' शब्द का तद्भव रूप है :

(A) कोहनी

(B) आँख

(C) गर्दन

(D) घुटना

**30.** शब्द और उसके विलोम शब्द को सुमेलित कर नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | **A** (शब्द) | | **B** (विलोम शब्द) |
|---|---|---|---|
| A. | करुण | i. | मधु |
| B. | कटु | ii. | निष्ठुर |
| C. | कुटिल | iii. | अकर्मण्य |
| D. | कर्मठ | iv. | सरल |

**कूट :**

(A) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(B) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(C) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(D) A-i, B-iii, C-ii, D-iv